Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 15-12-2005
Participants : Virendra Kumar Shri

>

Title : Need to construct pedestrian overbridge at Ganeshganj, Jaruvakheda, Naryavali and Makronia railway stations in Madhya Pradesh immediately.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : उपाध्यक्ष महोदय, बीना कटनी रेल लाइन जो पश्चिम मध्य रेलवे में पड़ती है, वह बहुत महत्वपूर्ण रेल लाइन है। गुड्स ट्रेक होने के कारण छत्तीसगढ़ से आने वाली कोयले और लोहे की रेल गाड़ियों वहां से लगातार निकलती रहती हैं। हर पन्द्रह-बीस मिनट के अंतराल पर वहां से गाड़ी निकलती है जिसका परिणाम यह होता है कि एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म जाने के लिए रेल यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार यात्रियों को खड़ी रेलगाड़ियों के नीचे से झुककर निकलना पड़ता है।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के गनेशगंज, जरूवाखेड़ा, नरयावली तथा मकरोनियां ऐसे स्टेशन हैं जहां एक समय में दो-तीन गाड़ियां खड़ी रहती हैं। अभी दो-तीन साल पहले मकरोनियां स्टेशन पर एक व्यक्ति की मृत्यु इसी कारण हुई थी।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पश्चिम मध्य रेलवे में, जैसे मेरे संसदीय क्षेत्र के चार स्टेशन हैं वैसे जितने भी स्टेशन हैं जहां मार्ग की अव्यवस्था के कारण रेलगाड़ियां खड़ी रहती हैं, उन सभी स्थानों पर शीघ्रातिशीघ्र फुट ओवरब्रिज बनाने का सहयोग करें।